Roll No.
रोल नं.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

Code No. **101**

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

# HINDI - (Core)
# हिंदी – (आधार)

***सामान्य निर्देश :***

***निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें एवं पूर्णरूप से उनका अनुपालन करें।***

*निर्धारित समय : 3 घंटे* *अधिकतम अंक : 80*

***नोट :***

*(i)* *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 8 मुद्रित पृष्ठ हैं।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।*

*(iii)* *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 12 प्रश्न हैं।*

*(iv)* ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।***

*(v)* *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में **10:15** बजे किया जाएगा। पूर्वाह्न में **10:15** से **10:30** बजे तक छात्र प्रश्न-पत्र को केवल पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।*

*(vi)* *प्रश्न-पत्र को **तीन खंडों** में विभाजित किया गया है - **खंड 'क', खंड 'ख''** और **खंड 'ग'**। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(vii)* *यथासंभव **तीनों** खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।*

*(viii)* ***खंड - 'क'** में अपठित बोध पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।*

*(ix)* ***खंड - 'ख'** में पाठ्यपुस्तक 'अभिव्यक्ति और माध्यम' से प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*

*(x)* ***खंड - 'ग'** में पाठ्यपुस्तक 'आरोह' तथा 'वितान' से प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*

*(xi)* *प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।*

## खंड - क

**( अपठित बोध )** **18 अंक**

**1.** निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **10**

आकाश की सभी गतिविधियों का प्रतिफल पृथ्वी पर ही प्रकट होता है। आकाश की चाँदनी धरती पर फैलकर ही सुंदर बनती है। आकाश की नस-नस को अपनी गर्जना से तड़का देने वाले बादल धरती पर बरसकर ही जीवन रस बनते हैं। पृथ्वी माता है और आकाश पिता। आकाश में ही फैली हैं पृथ्वी की जड़ें। पृथ्वी की नस-नस में व्याप्त जल ही उसका प्राण रस है। यही फूल है, यही गंध है, यही फल है और यही फल का रस। जल में ही जीवन का उद्भव हुआ। जल ही जीवन का पोषण करता है और रक्षा भी। ठंडा होने पर सारे द्रव तलहटी से जमना प्रारंभ करते हैं और धीरे-धीरे ऊपर की सतह की ओर जमते जाते हैं। जल एकमात्र ऐसा द्रव है, जो ऊपर की सतह से जमना शुरू करता है। ऊपरी सतह बर्फ़ बन जाती है और पानी में जीवन। यह है पानी की दयालुता, जल की करुणा।

मंगल ग्रह पर जल की इसी करुणा का अनुभव वैज्ञानिकों को वहाँ जीवन होने के संकेत दे रहा है। वहाँ बर्फ़ हो सकती है, तो बर्फ़ के नीचे पानी हो सकता है और पानी में कोई जीवन भी, चाहे बैक्टीरिया ही क्यों न हो। विश्व की सभी सभ्यताओं का विकास नदियों के आसपास हुआ है, जो मानव जगत के लिए जल की महत्ता को प्रमाणित करता है, किंतु आज वही मानव प्रकृति के इस अमूल्य संसाधन का शत्रु बनकर धरती पर जल संकट जैसी विकट स्थिति उत्पन्न कर रहा है। समय रहते अगर हम अपनी जीवन-शैली को बदलने में कामयाब न हो सके और इसी प्रकार जल का दुरुपयोग करते रहे, तो हमारी आने वाली पीढ़ियाँ जल की बूँद-बूँद के लिए तरस जाएँगी। अत: हमें जल को बर्बाद न कर इसके संरक्षण और सदुपयोग पर विशेष ध्यान देना होगा। जल-संरक्षण संबंधी जागरूकता बढ़ानी होगी, ताकि हम सुरक्षित जीवन जी सकें। हमें पृथ्वी के जल संसाधनों को संरक्षित रखने के लिए जल संरचना को सुधारना होगा, साथ ही जल संचय की तकनीकों का उपयोग करना होगा। जल ही जीवन है, हमें इस सच को हमेशा याद रखना होगा।

(i) गद्यांश में पृथ्वी का प्राण रस किसे माना गया है? **1**

(A) आकाश को

(B) ग्रहों को

(C) बर्फ़ को

(D) पानी को

(ii) जल संचय की तकनीक का उपयोग करने की आवश्यकता क्यों है? **1**

(A) जल एकत्र करने के लिए

(B) जल की बरबादी रोकने के लिए

(C) जल का महत्व समझने के लिए

(D) जल की आवश्यकता तथा उपयोग के लिए

(iii) बर्फ़ के नीचे जल का होना किसका प्रतीक है? **1**

(A) प्रकृति का

(B) जीवन का

(C) वैज्ञानिकता का

(D) अतार्किकता का

(iv) गद्यांश के अनुसार हमें किस बात पर विशेष ध्यान देना चाहिए? **1**

(v) गद्यांश में आकाश को पिता क्यों कहा गया है? **2**

(vi) 'जल ही जीवन का पोषण करता है और रक्षा भी' – इस पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए। **2**

(vii) जल की किस विशेषता के कारण मंगल ग्रह पर जीवन की संभावना व्यक्त की जा रही है? **2**

**2.** निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **8**

रात यों कहने लगा मुझसे गगन का चाँद,
आदमी भी क्या अनोखा जीव होता है।
उलझनें अपनी बनाकर आप ही फँसता
और फिर बेचैन हो जागता, न सोता है।
जानता है तू कि मैं कितना पुराना हूँ?
मैं चुका हूँ देख मनु को जनमते-मरते;
और लाखों बार तुझ-से पागलों को भी
चाँदनी में बैठ स्वप्नों पर सही करते।
आदमी का स्वप्न? है वह बुलबुला जल का;
आज बनता और कल फिर फूट जाता है;
किंतु फिर भी धन्य ठहरा आदमी ही तो
बुलबुलों से खेलता, कविता बनाता है।
मैं न बोला, किंतु मेरी रागिनी बोली,
देख फिर से चाँद! मुझको जानता है तू?
स्वप्न मेरे बुलबुलें हैं, है यही पानी?
आग को भी क्या नहीं पहचानता है तू?
मैं न वह, जो स्वप्न पर केवल सही करते,
आग में उसको गला लोहा बनाती हूँ;

और उस पर नींव रखती हूँ नए घर की,
इस तरह दीवार फ़ौलादी उठाती हूँ।
मनु नहीं मनु-पुत्र है यह सामने, जिसकी
कल्पना की जीभ में भी धार होती है;
बाण ही होते विचारों के नहीं केवल,
स्वप्न के भी हाथ में तलवार होती है।
स्वर्ग के सम्राट को जाकर ख़बर कर दे,
रोज़ ही आकाश चढ़ते जा रहे हैं वे,
रोकिए, जैसे बने, इन स्वप्नवालों को,
स्वर्ग की ओर बढ़ते आ रहे हैं वे।

(i) प्रस्तुत काव्यांश में कवि किसके साथ संवाद कर रहा है? **1**

(A) चाँद

(B) चाँदनी

(C) कल्पना

(D) यथार्थ

(ii) कवि स्वर्ग के सम्राट को क्या सूचना देने के लिए कहता है? **1**

(A) मनुष्य अपने सपनों को यथार्थ में बदलने के लिए स्वर्ग की ओर बढ़ता है।

(B) कवि अपने वर्णन द्वारा स्वर्ग की प्रत्येक विशेषता को प्रस्तुत करता है।

(C) देवताओं का निवास अधिक दिनों तक स्वर्ग में नहीं रहने वाला है।

(D) मनुष्य को रोकने वाला कोई नहीं है।

(iii) कवि ने किसे अनोखा जीव कहा है? **1**

(A) देवताओं को

(B) चाँद को

(C) मनुष्य को

(D) अपने आप को

(iv) स्वप्न को बुलबुले के समान क्यों बताया गया है? **1**

(v) चाँद ने आदमी को अनोखा जीव क्यों कहा है? **2**

(vi) चाँद ने किसे पागल कहा और क्यों? **2**

## खंड - ख

## ( अभिव्यक्ति और माध्यम ) 22 अंक

3. निम्नलिखित विषयों में से **किसी एक** पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक-लेख लिखिए : **1x6=6**
   (i) खुली आँखों से देखा एक सपना
   (ii) ऑनलाइन अपराध का फैलता जाल
   (iii) कैसे बनेगा आत्मनिर्भर भारत

4. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर **किन्हीं चार** प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर लिखिए : **4x2=8**
   (i) कहानी का नाट्य रूपांतरण करते समय दृश्य विभाजन कैसे किया जाता है?
   (ii) रेडियो नाटक में ध्वनि प्रभाव और संवादों का क्या महत्त्व है?
   (iii) नए अथवा अप्रत्याशित विषयों पर लेखन से क्या तात्पर्य है?
   (iv) बीट रिपोर्टिंग और विशेषीकृत रिपोर्टिंग में क्या अंतर है?
   (v) संपादकीय से आप क्या समझते हैं?

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 80 शब्दों में लिखिए : **2x4=8**
   (i) पत्रकारीय लेखन किसे कहते हैं? इसकी भाषा संबंधी दो विशेषताएँ लिखिए।
   (ii) विशेष रिपोर्ट को स्पष्ट करते हुए इसके दो प्रकारों का उल्लेख कीजिए।
   (iii) संपादक किसे कहते हैं? संपादक के कार्यों का वर्णन कीजिए।

## खंड - ग

## ( आरोह और वितान से ) 40 अंक

6. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5x1=5**

एक और कोशिश
दर्शक,
धीरज रखिए
देखिए
हमें दोनों एक संग रुलाने हैं,
आप और वह दोनों
    (कैमरा
बस करो
नहीं हुआ
रहने दो
परदे पर वक्त की कीमत है)
    अब मुसकुराएँगे हम
आप देख रहे थे सामाजिक उद्देश्य से युक्त कार्यक्रम
(बस थोड़ी ही कसर रह गई)
धन्यवाद।

(i) काव्यांश में 'आप' और 'वह' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है? **1**

(A) दर्शक और संवाददाता के लिए

(B) मीडियाकर्मी और कैमरामैन के लिए

(C) दर्शक और विकलांग व्यक्ति के लिए

(D) विकलांग व्यक्ति और संवाददाता के लिए

(ii) निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए काव्यांश के अनुसार सही कथन चुनिए : **1**

(A) मीडिया विकलांग व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील है।

(B) समाज विकलांग व्यक्तियों के प्रति जागरूक है।

(C) शारीरिक चुनौती झेलते व्यक्ति के साक्षात्कार द्वारा मीडिया का उद्देश्य समाज-सेवा है।

(D) मीडिया स्वार्थी एवं संवेदनहीन है, उसका सामाजिक सरोकार दिखावा मात्र है।

(iii) काव्यांश में कोष्ठक ( ) में लिखे शब्द संकेत करते हैं : **1**

(A) परदे के पीछे की वास्तविकता

(B) मीडिया का बुरा बर्ताव

(C) साक्षात्कार के प्रश्न

(D) विकलांग व्यक्ति की मानसिकता

(iv) उपर्युक्त काव्यांश की पंक्ति 'अब मुसकुराएँगे हम' दिखाती है, मीडियाकर्मियों की : **1**

(A) संवेदनशीलता को

(B) संवेदनहीनता को

(C) परदुख कातरता को

(D) प्रफुल्लता को

(v) निम्नलिखित **कथन** और **कारण** को ध्यानपूर्वक पढ़िए और **सही** विकल्प चुनकर लिखिए : **1**

**कथन :** सामाजिक उद्देश्य से युक्त कार्यक्रम में मीडिया का उद्देश्य पूर्ण न हो सका।

**कारण :** विकलांग व्यक्ति द्वारा उनके निर्देशानुसार व्यवहार न करने से लोगों की सहानुभूति बटोरने का अवसर उनके हाथ से निकल गया।

**विकल्प :**

(A) **कथन** सही है, **कारण** गलत है।

(B) **कथन** गलत है, **कारण** सही है।

(C) **कथन** तथा **कारण** दोनों सही हैं, किंतु **कारण**, **कथन** की सही व्याख्या नहीं करता है।

(D) **कथन** तथा **कारण** दोनों सही हैं, और **कारण**, **कथन** की सही व्याख्या करता है।

**7.** निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर **किन्हीं दो** प्रश्नों के लगभग **60** शब्दों में उत्तर लिखिए : **2x3=6**

(i) कोई बात पेचीदा कैसे हो जाती है? 'बात सीधी थी पर' कविता के आधार पर लिखिए।

(ii) 'बादल-राग' कविता जीवन-निर्माण के नए राग का सूचक है, कैसे?

(iii) 'नादान वहीं है, हाय, जहाँ पर दाना!' पंक्ति से 'आत्मपरिचय' के कवि का क्या आशय है?

8. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर **किन्हीं दो** प्रश्नों के लगभग **40** शब्दों में उत्तर लिखिए : **2x2=4**

(i) 'सब घर एक कर देने के माने' क्या है ? – 'कविता के बहाने' कविता के आधार पर उत्तर लिखिए।

(ii) 'उषा' कविता में कवि ने प्रकृति के गतिशील दृश्य को प्रस्तुत किया है, कैसे ?

(iii) कुंभकरण ने रावण को किस सच्चाई का आईना दिखाया ? 'लंकाकांड' के आधार पर उत्तर लिखिए।

9. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5x1=5**

बाज़ार में एक जादू है। वह जादू आँख की राह काम करता है। वह रूप का जादू है। पर जैसे चुंबक का जादू लोहे पर ही चलता है, वैसे ही इस जादू की भी मर्यादा है। जेब भरी हो, और मन खाली हो, ऐसी हालत में जादू का असर खूब होता है, जेब खाली पर मन भरा न हो, तो भी जादू चल जाएगा। मन खाली है, तो भी जादू चल जाएगा। मन खाली है तो बाज़ार की अनेकानेक चीज़ों का निमन्त्रण उस तक पहुँच जाएगा। कहीं उस वक्त जेब भरी हो तब तो फिर वह मन किसकी मानने वाला है ? मालूम होता है यह भी लूँ, वह भी लूँ। सभी सामान ज़रूरी और आराम को बढ़ानेवाला मालूम होता है, पर यह सब जादू का असर है।

(i) गद्यांश के अनुसार जादू का असर कहाँ होता है ? **1**

(A) मन में

(B) बाज़ार में

(C) मेले में

(D) आँखों में

(ii) निम्नलिखित **कथन**–**कारण** को ध्यानपूर्वक पढ़िए व दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए : **1**

**कथन :** बाज़ार में एक जादू है।

**कारण :** क्योंकि यह हमें आकर्षित नहीं करता।

विकल्प :

(A) **कथन** तथा **कारण** दोनों सही हैं तथा **कारण**, **कथन** की सही व्याख्या करता है।

(B) **कथन** गलत है लेकिन **कारण** सही है।

(C) **कथन** तथा **कारण** दोनों गलत हैं।

(D) **कथन** सही है, लेकिन **कारण** उसकी गलत व्याख्या करता है।

(iii) बाज़ार का जादू जब चढ़ता है, तो मनुष्य के मन की कैसी दशा होती है ? **1**

(A) तब वह किसी की नहीं मानता।

(B) वह सब कुछ खरीद लेना चाहता है।

(C) उसे सभी सामान ज़रूरी और आराम बढ़ाने वाला लगता है।

(D) सब कुछ समेट लेना चाहता है।

(iv) गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित **कथनों** पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प चुनकर लिखिए : **1**

**(I)** जेब खाली पर मन भरा न हो, तो भी जादू चल जाएगा।

**(II)** इस जादू की भी मर्यादा है।

**(III)** पर यह सब जादू का असर नहीं है।

**विकल्प :**

(A) केवल **(I)** सही है।

(B) केवल **(II)** सही है।

(C) **(I)** और **(II)** सही है।

(D) केवल **(III)** और **(II)** सही है।

(v) 'मन खाली होना' और 'जेब भरी होना' – किसका कारण बन जाता है? **1**

(A) आत्मसंतुष्टि का

(B) उपभोक्तावाद बढ़ने का

(C) सामाजिक समरसता बढ़ने का

(D) विवेकपूर्ण खरीददारी का

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में लिखिए : **2x3=6**

(i) क्या आप भी मानते हैं कि "हृदय की कोमलता को बचाने के लिए व्यवहार की कठोरता भी कभी-कभी ज़रूरी हो जाती है" – 'शिरीष के फूल' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए।

(ii) 'काले मेघा पानी दे' – पाठ की इंदर-सेना आज के युवाओं को सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा देती है, कैसे? तर्क सहित उत्तर लिखिए।

(iii) आर्थिक विकास में जाति-प्रथा किस प्रकार बाधक है? 'श्रम विभाजन और जाति-प्रथा' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए।

**11.** निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40** शब्दों में लिखिए : **2x2=4**

(i) भक्तिन के नाम और उसके जीवन में क्या विरोधाभास था? पाठ के आधार पर लिखिए।

(ii) लुट्टन पहलवान के चरित्र से हम वर्तमान संदर्भों में क्या प्रेरणा ग्रहण कर सकते हैं?

(iii) डॉ. अंबेडकर ने किन विशेषताओं को आदर्श समाज की धुरी माना है और क्यों?

**12.** निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **100** शब्दों में लिखिए : **2x5=10**

(i) क्या पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव को "सिल्वर वैडिंग" कहानी की मूल संवेदना कहा जा सकता है? कथन के पक्ष अथवा विपक्ष में तर्कपूर्ण उत्तर लिखिए।

(ii) सौंदलगेकर के व्यक्तित्व ने 'जूझ' कहानी के लेखक को किस प्रकार प्रभावित किया?

(iii) 'मुअनजो-दड़ो की खुदाई में प्राप्त वस्तुओं में औज़ार तो हैं, पर हथियार नहीं।' इससे सिंधु-सभ्यता के बारे में आपकी क्या धारणा बनती है? 'अतीत में दबे पाँव' – पाठ के आधार पर लिखिए।

**- o O o -**